

# डीआरएम ने यात्रियों से किया संवाद

## भोपाल रेलवे स्टेशन पर किया अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**भोपाल, 11 अक्टूबर. पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में शनिवार को अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन भोपाल रेलवे स्टेशन पर किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य यात्रियों और रेल प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर रेलवे सेवाओं को और अधिक जनोन्मुखी व प्रभावी बनाना था.**

भारतीय रेल के स्वच्छता अभियान 5.0 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में डीआरएम ने यात्रियों से

### यात्री सुविधाओं से संबंधित सुझाव लिए

स्वच्छता एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित सुझाव और फीडबैक प्राप्त किए.

डीआरएम त्यागी ने यात्रियों के हर प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि रेलवे यात्रियों के सुझावों को गंभीरता से लेकर बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है. इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा अनीता त्यागी, अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, मंडल के शाखा अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित रहे.

### यात्रियों ने साझा किए अनुभव, दिए सुझाव

कार्यक्रम की शुरुआत रेल कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत स्वच्छता विषयक गीतों से हुई. इसके बाद स्वच्छता, यात्री सुविधा और सुरक्षा जैसे विषयों पर खुला संवाद हुआ. यात्रियों ने यात्रा के दौरान अपने अनुभव साझा किए और रेलवे की सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया.

## एमएसएमई सम्मेलन कल

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 13 अक्टूबर को होटल ताज भोपाल में एमएसएमई सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे. सम्मेलन में उद्यमियों और स्टार्टअप को अनुदान तथा सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया जाएगा. सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप उपस्थित रहेंगे. वर्चुअली कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिले भी जुड़ेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 औद्योगिक क्षेत्रों, 3 नवीन कार्यालय भवनों की वर्चुअली आधारशिला रखेंगे. सम्मेलन में एमएसएमई एवं ओएनडीसी के मध्य एमओयू किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे. साथ ही उद्यमियों को औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड वितरण भी करेंगे.

# छिंदवाड़ा त्रासदी पर मुकेश नायक ने सरकार को घेरा

विशेष संवाददाता



- बच्चों की मौत के मामले को गंभीरता से न लेने का आरोप
- स्वास्थ्य मंत्री ने अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया

**भोपाल, 11 अक्टूबर. कांग्रेस मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने शनिवार को मध्यप्रदेश के भाजपा नेताओं पर छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत के मामले को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया.**

नायक ने कहा कि इस दर्दनाक घटना के बावजूद न तो मुख्यमंत्री और न ही स्वास्थ्य मंत्री ने अब तक कोई संतोषजनक जवाब दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि जब मीडिया ने उनसे सवाल किए, तो भाजपा नेता टालमटोल और असंवेदनशील रवैया अपनाते दिखे. नायक ने कहा कि यह पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाली त्रासदी है और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए.

## बाइक सवार बदमाशों ने झपटा महिला का पर्स

**भोपाल.** हबीबगंज थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर 3 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार बदमाशों ने अपने पति के साथ जा रही महिला का पर्स झपट कर चोरी कर लिया. पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है. पीड़िता पुष्पा पांडे ने पुलिस को बताया कि वह लाला लाजपत राय सोसाइटी में अपने परिवार के साथ रहती हैं. शुक्रवार की रात जब वह अपने पति के साथ बाइक में सवार होकर बाजार से शॉपिंग करके घर लौट रही थीं. तभी एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनके हाथ से पर्स झपट लिया. शोर मचाने के बाद भी आरोपी नहीं रूके और फरार होने में सफल रहे. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि चोरी गए उनके पर्स में दो हजार रुपए नकद के साथ ही जरूरी कागजात थे.



## प्रदेश अध्यक्ष ने त्रिशा तावड़े का किया अभिनंदन

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल विधानसभा के ग्राम भडूस की बेटी एवं शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रतिभाशाली छात्रा त्रिशा तावड़े के निवास पहुंचकर उन्हें दिल्ली में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से सम्मानित होने पर अभिनंदन किया.

## मुख्यमंत्री के खिलाफ विवादित बयान देने पर एफआईआर की मांग

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के खिलाफ विवादित बयान देने वाले आनंद स्वरूप महाराज का पुतला दहन शनिवार को किया गया. अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस कार्रवाई की मांग की है. यादव महासभा ने स्वामी आनंद स्वरूप के खिलाफ जातिवादी, आपत्तिजनक और संविधान विरोधी बयानों को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है. महासभा ने मांग की है कि आनंद स्वरूप के खिलाफ तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए. आरोप है कि आनंद स्वरूप ने मुख्यमंत्री को ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने की घोषणा के बाद सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर नफरत फैलाने वाले बयान दिए.


# आरोपी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज

## उदित की मौत का मामला , 3 थानों की पुलिस तलाश में जुटी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 अक्टूबर. राजधानी में पुलिसकर्मियों की बर्बरता के शिकार हुए 22 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्र उदित गायकी की मौत के बाद शनिवार को एफआईआर दर्ज की गई. उदित पर क्रूरता से डंडे बरसाने वाले पिपलानी थाने के दो पुलिसकर्मी संतोष बामनिया और सौरभ आर्य पर हत्या का केस दर्ज किया है.**

केस दर्ज होने के बाद से दोनों ही आरोपी पुलिसकर्मी फरार चल रहे हैं. उदित की पीएम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि पेट में डंडे मारने के कारण उसकी मौत हुई थी. इस घटना की पुलिस जांच भी की गई है.



जानकारी के अनुसार फरार आरोपी पुलिसकर्मियों की तलाश के लिए पुलिस विभाग ने 3 थानों की पुलिस को जिम्मेदारी दी गई है. दोनों पर केस दर्ज करने से पहले उन्हें निलंबित कर दिया गया था. उदित की मौत के मामले में सीसीटीवी फुटेज को मुख्य साक्ष्य के तौर पर रखा गया है. कोर्ट में फुटेज को पेश किया जाएगा. इसके साथ ही मौके पर मौजूद आरोपी पुलिसकर्मियों की करतूत को देखने वाले उदित के दोस्त भी घटना की गवाही दे सकते हैं.

आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी. भोपाल की बैंक कॉलोनी बाग दिलकुशा निवासी मृतक उदित गायकी के घर पर दुख व्यक्त करने के लिए समाज और संस्थाओं के लोग पहुंच रहे हैं. देर शाम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित नेताओं ने पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त की.

मृतक के पिता एमपीईबी में असिस्टेंट इंजीनियर और उनकी मां संगीता एक शासकीय स्कूल में टीचर हैं. डीएसपी केतन अडलक के साथ उदित की बड़ी बहन की शादी हुई है. उदित से बड़ी उसकी एक और बहन के साथ वह अपने परिवार में इकलौता पुत्र था. उदित के साथ हुई घटना की निंदा समाज का हर व्यक्ति कर रहा है. घटना की रात उदित पर डंडे बरसाने वाले आरोपी पुलिसकर्मियों की करतूत भी सामने आ चुकी है.